संख्या रैव(एल0 आर0)ए-3(1)/2018-19 – 5147-71

निदेशालय भू-अभिलेख,
हिमाचल प्रदेश, शिमला-9
दिनांक शिमला-9 05-11-2018

प्रेषित

1. समस्त उपायुक्त, हिमाचल प्रदेश।

2- निदेशक भू-एकत्रीकरण विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला-9.

3. भू-व्यवस्था अधिकारी कांगडा, व शिमला, हिमाचल प्रदेश।

4. मुख्य अभियन्ता एवं सचिव (आवास बोर्ड) हि0 प्र0,शिमला-2

5. समस्त वन समाहर्ता,
हिमाचल प्रदेश।

6. समस्त भू-अर्जन अधिकारी, हिमाचल प्रदेश।

7. प्रमुख अभियंता ( ENC IPH) सिंचाई एवं जन- स्वास्थ्य विभाग,
यू0एस0 क्लब, शिमला-1

विषयः– **विभागीय कानूनगो परीक्षा जो दिनांक 12 व 13 जनवरी, 2019 को जोगिन्द्र नगर में आयोजित की जा रही है के सम्बन्ध में।**

महोदय,

इस कार्यालय द्वारा शीतकालीन विभागीय कानूनगो परीक्षा दिनांक 12 व 13 **जनवरी, 2019 को राजस्व प्रशिक्षण संस्थान (RTI) जोगिन्द्र नगर** में आयोजित की जानी निश्चित हुई है। निर्धारित आवेदन पत्र जिसका नमूना संलग्न है को आप अपने स्तर पर पर्याप्त मात्रा में साईकलोस्टाईल/फोटोस्टैट करवाकर सम्बन्धित अधीनस्थ कार्यालयों को उपलब्ध करवाकर ऐच्छिक पात्र उम्मीदवारों के आवेदन पत्र दिनांक 20.12.2018 तक हर स्थिति में सभी औपचारिकताएं पूर्ण करवाकर इस कार्यालय में पहुंच जाने चाहिए। तत्पश्चात कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जाएगा। हिदायतें जिनका आवेदन पत्र भेजते समय अनुसरण किया जाना है परीक्षा की समय सारणी तथा पाठ्यक्रम संलग्न **प्रपत्र "क" "ख" तथा "ग"** सहित दर्शाया गया है आवेदन पत्र भेजते समय पहचान पत्र को कृपया अलग से संलग्न किया जाए, ताकि पहचान पत्र रोल नम्बर जारी करने के पश्चात वापिस भेजा जा सके। पहचान पत्र के बिना किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा हाल में प्रवेश की अनुमती नही दी जाएगी। आवेदन पत्र भेजने से पूर्व क्रम संख्या 9, 10 व 11 की जांच पडताल अवश्य करें।

भवदीय,

देवा ~~सिंह~~ नेगी (भा0प्र0से0)
निदेशक भू-अभिलेख,
हिमाचल प्रदेश, शिमला-9

प्रपत्र "क"

## हिदायतें जिनका आवेदन पत्र भेजते समय अनुसरण किया जाना है।

1. विभागीय कानूनगो परीक्षा के लिए आवेदक द्वारा स्वयं अपने हाथ से भरा गया आवेदन पत्र ही स्वीकार किया जाएगा।

2. केवल पात्र पटवारी ही परीक्षा में भाग लेने हेतु आवेदन करेंगे।

3. पात्रता प्रमाण पत्र केवल उपायुक्त/ भू-व्यवस्था अधिकारी/निदेशक भू-एकत्रीकरण/समाहर्ता (वन), विभागाध्यक्ष जैसी भी स्थिति हो के द्वारा हस्ताक्षरित किए जाएंगे।

4. पहचान प्रमाण पत्र किसी राजपत्रित अधिकारी उपायुक्त/ भू-व्यवस्था अधिकारी/निदेशक भू-एकत्रीकरण/समाहर्ता (वन), विभागाध्यक्ष द्वारा ही जारी किया जा सकता है।

5. ऐसे उम्मीदवार जो प्रतिनियुक्ति पर है या किसी अन्य विभाग नामतः लोक निर्माण विभाग/उद्योग विभाग, परिषद इत्यादि में स्थानान्तरित किये गये हैं के पात्रता पत्र उनके पैतृक विभाग द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।

6. वन भू-व्यवस्था के पटवारियान के पात्रता प्रमाण पत्रों पर समाहर्ता (वन) द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।

7. पटवारियान जिनका सेवाकाल चार वर्ष या इससे अधिक हो चुका है परीक्षा में भाग लेने के लिए पात्र होंगे।

8. तहसीलदार/नायव तहसीलदार द्वारा प्रत्यक्ष रूप से भेजा गया कोई भी आवेदन पत्र इस कार्यालय में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

9. बिना पहचान पत्र/रोलनम्बर स्लिप के किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में भाग लेने की अनुमती प्रदान नहीं की जाएगी।

10. पहचान पत्र पर विवरण पूर्ण रूप से भरे जाने चाहिए अन्यथा उनकी रोलनम्बर स्लिप व परिणाम में देरी हेतु इस कार्यालय की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

11. सभी विभाग फार्म भेजने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि सम्बन्धित कर्मचारी ने पहले विभागीय कानूनगो परीक्षा के पांच अवसर प्राप्त तो नहीं किए है।

12. सभी उम्मीदवार अपना Mobile No आवेदन पत्र पर लिखना सुनिश्चित करें ताकि रोल नम्बर SMS के माध्यम से सूचित किया जा सके।

## प्रपत्र "ख"

**विभागीय कानूनगो परीक्षा हिमाचल प्रदेश ,दिनांक 12 व 13 जनवरी, 2019 को (RTI) जोगिन्द्र नगर में आयोजित की जा रही है की समय सारणीः-**

| कमांक | विषय | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | हिमाचल प्रदेश भू-अभिलेख, नियमावली (संशोधित संस्करण) | 12.01.2019 | प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक |
| 2. | सैटलमैन्ट मैनुअल तथा पटवारी मैनसुरेशन | 12.01.2019 | दोपहर 2.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक |
| 3. | गणित | 13.01.2019 | प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक |
| 4. | हिन्दी रिपोर्ट लेखन सुलेख तथा हिन्दी निबन्ध। | 13.01.2019 | दोपहर 2.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक |

## प्रपत्र "ग"

| कमांक | विषय | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| पेपर-1 | हिमाचल प्रदेश भू-अभिलेख, नियमावली (संशोधित संस्करण) | 100 |
| पेपर-2 | सैटलमैन्ट मैनुअल तथा पटवारी मैनसुरेशन | 100 |
| पेपर-3 | गणित | 100 |
| पेपर-4 | रिपोर्ट लेखन कैलीग्राफी, सुलेख तथा हिन्दी निबन्ध दसवीं कक्षा के स्तर तक | |
| | 1. हिन्दी निबन्ध दसवीं कक्षा के स्तर तक<br>2. रिपोर्ट लेखन कैलीग्राफी | 50 |
| | 1. विभाजन, 2. नौतोड़, 3. निशानदेही, 4. कब्जा देना, 5. जमाबन्दी, 6. अन्य राजस्व सम्बन्धी विषय, | 50 |

<u>पहचान प्रमाण पत्र</u>

रोल नम्बर.....................................

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी..................................

पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री..............................निवासी.......................

डाकघर........................................तहसील..........................

जिला..............................हिमाचल प्रदेश को मैं व्यक्तिगत रूप से पिछले

.........वर्षो से जानता हूं।

प्रमाणित किया जाता है कि फोटोग्राफ प्रति जो कि ऊपर दायें हाथ की ओर हाशिए में संलग्न की गई है, उपरोक्त कर्मचारी की ही है जिस पर मैने अपने कार्यालय की मोहर सहित हस्ताक्षर किये है।

दिनांक......................

स्थान.......................

यह प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग के किसी राजपत्रित अधिकारी/ निदेशक भू- एकत्रीकरण/ उप-मण्डलाधिकारी (ना0) जिला राजस्व अधिकारी/ तहसीलदार/ नायब-तहसीलदार/ समाहर्ता (वन) विभागाध्यक्ष द्वारा जारी किया जा सकता है।

**भाग–।। (पात्रता प्रमाण पत्र)**

**कार्यालय जिससे कर्मचारी सम्बन्ध रखता है।**

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमति/कुमारी...........................नियमानुसार.........परीक्षा में भाग लेने हेतु पात्र है जो .........वर्ष का सेवाकाल पूरा कर चुका/चुकी है तथा विभागीय कानूनगो परीक्षा में............................अवसर प्रयोग कर चुका/चुकी है । आवेदन पत्र में दायें हाथ की ओर सबसे ऊपर संलग्न फोटो आवेदक/अभ्यर्थी का यथार्थ प्रतिचित्र है, जिसे मैं जानता हूं।

**नोटः– पूर्व में लिये गए अवसरों की दिनांक व वर्ष अवश्य अंकित करें।**

दिनांक...................................

स्थान....................................

हस्ताक्षर कार्यालय की मोहर सहित

नोटः

इस प्रमाण पत्र में केवल उपायुक्त भू–व्यवस्था अधिकारी, निदेशक भ–एकत्रीकरण, समाहर्ता (वन) विभागाध्यक्ष जैसी भी स्थिति हो के द्वारा हस्ताक्षरित किये जाएं।

हिमाचल प्रदेश सरकार
''राजस्व विभाग''
(निदेशालय भू–अभिलेख, हिमाचल प्रदेश)

**विभागीय कानूनगो परीक्षा में भाग लेने हेतु आवेदन पत्रः**

1. परीक्षा का नाम.......................................................
2. आवेदक का नाम बडे अक्षरों में.......................................
   Name of Applicant (in English).......................
   Mobile No.......................... (आवश्यक)
3. पिता का नाम.........................................................
   Father's Name (in English)----------------------------
4. जन्म तिथि............................................................
5. सम्बन्धित लेखा संवर्ग..................................................
6. सेवा में नियुक्ति की तिथि.............................................
7. पदनाम तथा नियुक्ति का स्थान.......................................
8. पता जहां रोलनम्बर तथा अंक तालिका प्रमाण पत्र भेजा जाना है.................................................................
.....................................................................................
9. अवसर जो प्रयोग किए गए, सत्र परीक्षा व वर्ष तथा रोलनम्बर सहित

| सत्र | रोल नम्बर | वर्ष |
|---|---|---|
| | | |

10. पेपर जो पहले ही पास कर लिए गए हैं की अधिसूचना संख्या पेपर का नामः
    अधिसूचना संख्या..................................................दिनांक....................

11. पेपर जिसमें परीक्षा देनी है।

| क्रमांक | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| पेपर का नाम | ................ | ..................... | .................... | ................. |

12 क्या आपको कभी अयोग्य ठहराया गया है ? हां/न
   यदि हां तो रोलनम्बर, सत्र प्राधिकारी का नाम तथा अयोग्यता का स्वरुप
   ..................................................................................................

मै विधिवत घोषणा करता/ करती हूं कि इस आवेदन पत्र में मैने जो सूचना दी है वह ठीक व सही है व कुछ भी छुपाया नही गया है तथा यह कि कोई भी विवरण गलत या मिथ्या पाये जाने पर सजा के लिए उत्तरदायी हूंगा/हुंगी, जो नियमों में निर्धारित की गई है। मै प्रमाणित करता/ करती हूँ कि फार्म भरने से पूर्व मैने नियमों का तथा हिदायतों का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया है तथा मैने विभागीय कानूनगो परीक्षा के अभी तक...........अवसर प्राप्त किए है।

दिनांक................
स्थान...............

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

नोटः
1. क्रम संख्या दो व तीन में आवेदन कर्ता का नाम व पिता का नाम हिन्दी व अंग्रेजी में साफ–2 लिखें
2. क्रम संख्या आठ में पता साफ–2 अक्षरों में भरें।